आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 09.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- मुख्य न्यायाधीश, डीवाई चंद्रचूड़, कल आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश के रूप में उनका स्थान लेंगे।
- "प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना" के पायलट प्रोजेक्ट के तहत आवेदन करने की कल आखिरी तारीख है।
- पुष्कर पशु मेले की आज से औपचारिक शुरूआत–कई सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।
- भारत ने कल चार दिवसीय टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 61 रनों से शिकस्त दी।

........................

भारत के मुख्य न्यायाधीश, डीवाई चंद्रचूड़, कल आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश के रूप में उनका स्थान लेंगे। कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए जाने जाने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का कल न्यायालय में अंतिम दिन था।
न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के कुछ ऐतिहासिक फैसलों में अयोध्या भूमि विवाद, सहमति से समलैंगिक यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और अविवाहित महिलाओं के लिए गर्भपात का अधिकार शामिल हैं। इन फैसलो ने समाज और राजनीति को आकार दिया। गौरतलब है कि वर्ष 2016 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत होने के बाद सीजेआई चंद्रचूड़ ने 11 नवंबर, 2022 को मुख्य न्यायाधीश का पद संभाला था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाई कोर्ट में कानून का अभ्यास किया और मुंबई विश्वविद्यालय में तुलनात्मक संवैधानिक कानून के विजिटिंग प्रोफेसर भी रहे। अपने विदाई भाषण में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने अपने उत्तराधिकारी न्यायमूर्ति खन्ना की एक स्थिर और सक्षम न्यायधीश के रूप में प्रशंसा की।

........................

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कल नई दिल्ली में भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के दूसरे वार्षिक संस्करण का उद्घाटन किया। दो दिन के इस महोत्सव का उद्देश्य देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सैन्य विरासत पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए वैश्विक और भारतीय विचारकों, निगमों, सरकार और निजी क्षेत्र, गैर–सरकारी संगठन तथा शैक्षणिक संस्थानों को मंच उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर जनरल चौहान ने शौर्य गाथा परियोजना का भी शुभारम्भ किया। इस परियोजना का उद्देश्य शिक्षा और पर्यटन के माध्यम से भारत की सैन्य विरासत का संरक्षण करना और उसे बढ़ावा देना है। इस अवसर पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डी.आर.डी.ओ. ने आत्मनिर्भर भारत के जरिए रक्षा अनुसंधान में नवाचार के योगदान से जुड़ी अपनी यात्रा और उपलब्धियों को दर्शाने वाली फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया।

........................

केन्द्र सरकार ने वाणिज्यिक न्यायालय संशोधन विधेयक 2024 के लिए लोगों से सुझाव और प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। विधि और न्याय मंत्रालय मौजूदा वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 में संशोधन पर विचार कर रहा है। यह अधिनियम वाणिज्यिक मामलों का शीघ्र, कुशलतापूर्वक और उचित लागत पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया था। मसौदा विधेयक पर टिप्पणियाँ 22 नवम्बर तक ईमेल के माध्यम से भेजी जा सकती हैं।

........................

"प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना" के पायलट प्रोजेक्ट के तहत आवेदन करने की कल आखिरी तारीख है। इस योजना के तहत वर्ष 2024–25 में प्रदेश के 4 हजार 527 युवाओं को देश की नामचीन 500 कंपनियों में इंटर्नशिप कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के लिए 21 से 24 वर्ष के 10वीं, 12वी, आईटीआई प्रमाण पत्र, डिप्लोमा धारक और स्नातक युवा जो कि पूर्णकालीन रोजगार में नहीं हैं, आवेदन कर सकते है।

........................

दिल्ली के बीकानेर हाउस में कल से राजस्थानी हस्तशिल्प, हस्तकला उत्पादों की बिक्री के लिए 'संडे मार्केट' का आयोजन किया जाएगा। यह मार्केट हर रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। इस मार्केट में राजस्थान के विभिन्न अंचलों के हस्तशिल्पकारों, हस्तकलाकारों द्वारा निर्मित उत्पादों के अलावा स्थानीय विक्रेताओं द्वारा ज्वेलरी, अचार, नमकीन, साड़ियों तथा कपड़ों की बिक्री की जाएगी। यह पहल दिल्ली में राजस्थानी हस्तनिर्मित उत्पादों को जीवन शैली के ब्रांड के रूप में विकसित करने के लिए की गई है। यह 'संडे–मार्केट' राजस्थानी संस्कृति और हस्तशिल्प को प्रदर्शित करने का एक अनूठा मौका होगा।

.......................

प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा और शहरी क्षेत्रों में वार्ड सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आज जैसलमेर में वार्ड और ग्राम सभाएं आयोजित की जायेंगी। इस मौके पर पात्र लोगों से मतदाता सूची से संबंधित आवेदन लिये जायेंगे। पाली में स्थानीय निकाय और आवासीय वेलफेयर सोसायटी की बैठकें होंगी। इनमें मतदाता सूचियों का पठन, पंजीकरण और संशोधन को लेकर आवेदन पत्र लिये जायेंगे। सवाईमाधोपुर में कल जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी ने जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों और सहायक निर्वाचक पदाधिकारियों के साथ बैठक ली। वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से हुई इस बैठक में उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करने तथा लिंगानुपात और जनसंख्या मतदाता अनुपात में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

.......................

अजमेर में लगने वाले पुष्कर पशु मेले की आज ध्वजारोहण के साथ औपचारिक शुरूआत होगी। केन्द्रीय मंत्री सुरेश सिंह रावत इसका शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही मेले मे विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया कि मेले में अब तक 5 हजार 181 पशुओं की आमद दर्ज की गई है। इनमें से प्रदेश के 3 हजार 794 तथा राजस्थान के बाहर से 1 हजार 387 पशु शामिल हैं।

.......................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पुष्कर पशु मेले के शुभारंभ के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

.......................

आज गोपाष्टमी है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी मंदिरों और गौशालओं में गायों की पूजा और सेवा की जा रही है। साथ ही मंदिरों में हरिनाम संकीर्तन किये जा रहे है। जयपुर के अराध्य गोविंद देवजी मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया है। भरतपुर के बांके बिहारी मंदिर में भी ठाकुर जी की अलौकिक झांकी सजाई गई है।

.......................

जैसलमेर में भगवान गोवर्धननाथ की सवारी मेलाप मंदिर से पालकी में निकाली जायेगी, जो शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई गडीसर सरोवर के पास बिस्सा बगीची पहुंचेगी। इधर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को गोपाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि गौ माता के आशीर्वाद से सभी प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति का संचार हो।

.......................

भारत ने कल डरबन के किंग्समीड क्रिकेट स्टेडियम में चार मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 61 रनों से शिकस्त दी। 203 रनों के विजय लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम 141 रन पर ऑलआउट हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 202 रन बनाए। संजू सैमसन ने 50 गेंदों में 107 रन बनाए, जबकि वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई ने भारत के लिए 3–3 विकेट लिए। मेजबान टीम के लिए हेनरिक क्लासेन ने सबसे ज्यादा 25 रन बनाए। संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

.......................